प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार दिनांक 14.04.2025

मुख्य समाचारः—

- राज्य की ग्राम पंचायतों में खोले जाएंगे अटल डिजिटल सेवा केन्द्र—आज हुआ एमओयू।

- राष्ट्र आज भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

- बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने सात माओवादियों को किया गिरफ्तार।

- रायपुर स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान—आईआईएम का चौदहवां वार्षिक दीक्षांत समारोह कल आयोजित किया जाएगा।

अटल पंचायत डिजिटल

राज्य की ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केन्द्र खोले जाएंगे। इसके लिए आज ग्राम पंचायत के सरपंचों और कॉमन सर्विस सेंटर के अधिकृत ग्राम स्तरीय उद्यमियों के बीच एमओयू किया गया। प्रदेश की एक हजार चार सौ साठ ग्राम पंचायतों में चौबीस अप्रैल पंचायत दिवस से नगद भुगतान की सुविधा सहित अन्य डिजिटल सेवाएं उपलब्ध हो जाएंगी। इस कार्यक्रम में वीडिया कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री तथा पंचायत मंत्री विजय शर्मा भी जुड़े। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केन्द्र खुलने से ग्राम पंचायतें सशक्त होंगी और लोगों को यहां पर अब बैंकिंग तथा अन्य सुविधाएं आसानी से मिल सकेंगी।

इस अवसर पर पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि पंचायतें मजबूत, सशक्त और स्वावलंबी हों। उन्होंने कहा कि इन केन्द्रों के माध्यम से लोगों को वित्तीय लेनदेन के साथ ही महतारी वंदन सहित अन्य योजनाओं की राशि प्राप्त हो सकेगी।

डिजिटल सेवा केन्द्र का उद्देश्य ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्रामीणों को बैंकिंग, सरकारी प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड जैसी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

आज प्रदेश की प्रत्येक जनपद पंचायतों से चुनी गई दस ग्राम पंचायतों के साथ एमओयू किया गया है।

अंबेडकर—जयंती—01

राष्ट्र आज भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की एक सौ चौंतीसवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्यसभा में सदन के नेता जे पी नड्डा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केन्द्रीय मंत्रियों और संसद सदस्यों तथा आम लोगों ने आज संसद भवन परिसर में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉक्टर भीमराव आंबेडकर स्वतंत्र भारत के पहले विधि और न्याय मंत्री थे। उन्हें वर्ष उन्नीस सौ नब्बे में मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

छत्तीसगढ़ में आज अंबेडकर जंयती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों, जनपदों और ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। साथ ही ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का भी आयोजन किया गया।

राज्यपाल रमेन डेका ने आज राजभवन में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

अंबेडकर जयंती–02

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई द्वारा आज डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया गया।

माओवादी–गिरफ्तार

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने सात माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, जिलेटिन स्टीक और डेटोनेटर सहित अन्य सामग्री बरामद की गई है। ये माओवादी भैरमगढ़ और मिरतुर इलाके से गिरफ्तार किए गए हैं।

कोरबा हादसा–शव बरामद

कोरबा जिले में कल एक वाहन के अनियंत्रित होकर नहर में गिर जाने से लापता हुए पांच लोगों में से दो महिलाओं और एक बालिका का शव आज बरामद कर लिया गया है। अभी भी दो लोग लापता है, जिनकी तलाश की जा रही हैं। यह मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। वाहन में चौबीस लोग सवार थे, जो पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए रेड़ा गांव से खरहरी जा रहे थे।

जांजगीर–प्लांट हादसा

जांजगीर–चांपा जिले में स्थित एक कारखाने में शनिवार को फर्नेश कार्य के दौरान विस्फोट होने के मामले में चांपा पुलिस ने आज कारखाना प्रबंधक और संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। इस घटना में तेरह कर्मचारी झुलस गए थे। इसमें नियमित कर्मचारी और ठेका मजदूर शामिल हैं।

गौरतलब है कि इस घटना के बाद कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे थे। कलेक्टर ने तत्काल इस मामले की जांच करने के आदेश दिए थे। जांच में कारखाना प्रबंधन की लापरवाही सामने आई और इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई की है।

इस हादसे में गंभीर रूप से घायल चार अधिकारियों और कर्मचारियों को एयर एबुंलेंस से हैदराबाद भेजा गया है। वहीं, नौ लोगों का इलाज रायपुर में चल रहा है।

आईआईएम–दीक्षांत समारोह

रायपुर स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान–आईआईएम का चौदहवां वार्षिक दीक्षांत समारोह कल आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोलगेट पामोलिव इंडिया लिमिटेड की एमडी और सीईओ प्रभा नरसिम्हन होंगी। वहीं, समारोह की अध्यक्षता शासी मण्डल के अध्यक्ष पुनीत डालमिया करेंगे।
आईआईएम के निदेशक राम कुमार कांकाणी ने बताया कि इस वर्ष पांच सौ पंचानवे विद्यार्थी ग्रेजुएट हो रहे हैं। दीक्षांत समारोह में सात विद्यार्थियों को अलग–अलग श्रेणियों में मेडल दिए जाएंगे।

दुर्ग–जागरूकता रैली

राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस के अवसर पर दुर्ग में अग्निशमन और आपातकालीन सेवा द्वारा आज जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई अग्निशमन कार्यालय में समाप्त हुई। इस रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया कि आग लगने पर किस तरह से उस पर काबू पाया जाए और इस तरह की घटनाएं न हो, इसके लिए कौन सी सावधानी बरती जाए।

आईईडी–बरामद

बीजापुर जिले के गोरना–मनकेली मार्ग में सुरक्षा बलों ने पांच आईईडी बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीजापुर और जैतालूर थाना क्षेत्र से सुरक्षा बलों की टीम गश्त पर गोरना–मनकेली की ओर निकली थी। इसी दौरान मनकेली गांव के पास सुरक्षा बलों ने पांच आईईडी बरामद किया, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

प्रेस क्लब–लाइब्रेरी शुभारंभ

रायपुर प्रेस क्लब परिसर में कल वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय गोविंद लाल वोरा की स्मृति में निर्मित एक लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। इसका आयोजन गोंविद लाल वोरा फाउंडेशन और रायपुर प्रेस क्लब द्वारा किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने लाइब्रेरी की किताबों के लिए स्व–निधि से एक लाख रूपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक अरूण वोरा ने की। कार्यक्रम में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित जाने–माने साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल ने पत्रकारों को किताबें पढ़ने और लिखने के लिए प्रेरित किया।

बालक मौत–मुआवजा

रायपुर के गुढ़ियारी इलाके में निगम द्वारा सीवरेज के लिए खोदे गए गड्डे में कल तीन बच्चे गिर गए, जिनमें से एक बालक की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिनका इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने धरना–प्रदर्शन कर चक्काजाम किया। इस मामले में निगम आयुक्त ने जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, प्रभारी सहायक अभियंता, उप अभियंता और जल कार्य ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और उन्हें चौबीस घंटे के भीतर लिखित स्पष्टीकरण देने को कहा है।

वहीं, महापौर मीनल चौबे ने सभी कॉलोनी और निगम परिसर के सेप्टिक टैंक और सम्पवेल के मेन होल को ढंकने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश के बाद रायपुर जिला प्रशासन द्वारा मृतक बालक के परिवारजनों को तत्काल चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी गई है।

फुटबॉल चैंपियनशिप

नारायणपुर में खेली जा रही स्वामी विवेकानंद अंडर–ट्वेंटी पुरूष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में आज उत्तराखंड और पांडिचेरी के बीच मैच खेला गया। इस मैच को देखने के लिए वन मंत्री केदार कश्यप भी पहुंचे। इस मैच में उत्तराखंड ने पांडिचेरी को एक के मुकाबले पांच गोल से हराया। कल दिल्ली और आंध्रप्रदेश के बीच मैच खेला जाएगा।

मौसम

प्रदेश में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है और अगले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है। इसके असर से तापमान में गिरावट आएगी।

पिछले चौबीस घंटों के दौरान बस्तर संभाग के कुछ इलाकों में बारिश हुई। कोंडागांव में आंधी–बारिश के साथ ओले भी गिरे। बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया। वहीं, रायपुर में आज सुबह से ही धूप–छांव की स्थिति बनी रही। जगदलपुर में आज सुबह से हल्के बादल छाए रहे, लेकिन शाम होने के बाद गरज–चमक के साथ बारिश भी हुई।

संक्षिप्त समाचार

- सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र में कल देर रात तेज रफ्तार कार ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटर साइकिल सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

- जांजगीर–चांपा जिले के बलौदा क्षेत्र के खोहा गांव में एक मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में औराईकला गांव के पूर्व सरपंच की मौत हो गई है।

- जांजगीर–चांपा जिले के चांपा में धर्मांतरण कराने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने धार्मिक पुस्तकें, पोस्टर, मोबाइल और कम्प्यूटर बरामद किया है।